2014

( 4th Semester )

# HINDI

## FOURTH PAPER

**( Hindi Gadya Sahitya—I )**

*Full Marks* : 75

*Time* : 3 hours

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

Answer **all** questions

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×2=10

(क) घटनाएँ होती हैं, होकर चली जाती हैं। हम जीते हैं, और जीते-जीते एक रोज़ मर जाते हैं। जीना किस उछाह से आरम्भ करते हैं, पर उस जीवन के इस किनारे आते-आते कैसी ऊब, कैसी उकताहट जी में भर जाती है। मैं इस लीला पर, इस प्रहेलिका पर सोचता रह जाता हूँ। कुछ पार नहीं मिलता, कुछ भेद नहीं पाता।

अथवा

संसार मिथ्या है या नहीं, यह तो मैं नहीं जानती, परन्तु आप, आपका कर्मकाण्ड और शास्त्र क्या सत्य हैं, जो सदैव रक्षणीया स्त्री की यह दुर्दशा हो रही है?

(ख) सागर ने एक बार चारों ओर नजर दौड़ायी। शून्य। उसने फिर आँखों की कोरें कसकर झाँककर देखा, बादलों की रेखा में एक कुछ अधिक घनी-सी रेखा उसे दीखी... बादल ऐसा समकोण नहीं हो सकता।

अथवा

अब गेहूँ प्रतीक बन गया हड्डी तोड़नेवाले, थकानेवाले, उबानेवाले, नारकीय यंत्रणाएँ देने वाले श्रम का—वह श्रम, जो पेट की क्षुधा भी अच्छी तरह शान्त न कर सके। और, गुलाब बन गया प्रतीक विलासिता का—भ्रष्टाचार का, गन्दगी और गलीज का!

2. रामगुप्त का चरित्र-चित्रण कीजिए। 10

अथवा

'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की समीक्षा नाटक के तत्त्वों के आधार पर कीजिए।

3. 'त्यागपत्र' उपन्यास के कथ्य पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

प्रमोद का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**4.** 'पिता' कहानी की समीक्षा कहानी-कला के आधार पर कीजिए। 10

**अथवा**

'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' निबन्ध की समीक्षा कीजिए।

**5.** 'तौलिए' एकांकी की समीक्षा कीजिए। 10

**अथवा**

'चंपक' शीर्षक के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

* * *

**2014**

( 4th Semester )

## HINDI

FOURTH PAPER

**( Hindi Gadya Sahitya—I )**

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

Answer **all** questions

SECTION—A

( *Marks* : 10 )

**A.** प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×10=10

1. 'त्यागपत्र' उपन्यास के लेखक कौन हैं?

   (क) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' ( )

   (ख) प्रेमचन्द ( )

   (ग) अज्ञेय ( )

   (घ) जैनेन्द्र ( )

2. मृणाल किससे प्रेम करती है?

(क) डॉक्टर से ( )

(ख) वकील से ( )

(ग) जज से ( )

(घ) मास्टर से ( )

3. 'पिता' कहानी के लेखक कौन हैं?

(क) ज्ञानरंजन ( )

(ख) अज्ञेय ( )

(ग) अमरकान्त ( )

(घ) प्रेमचन्द ( )

4. लेफ्टिनेंट सागर किस कहानी का पात्र है?

(क) जय-दोल ( )

(ख) पिता ( )

(ग) कफ़न ( )

(घ) पत्नी ( )

5. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में कितने अंक हैं?

(क) एक ( )

(ख) दो ( )

(ग) तीन ( )

(घ) चार ( )

6. ध्रुवस्वामिनी का विवाह किसके साथ हुआ?

(क) रामगुप्त ( )

(ख) शिखरस्वामी ( )

(ग) खिंगल ( )

(घ) मिहिरदेव ( )

7. "ऐं! यह परिवर्तन? तो मैं सचमुच क्लीव हूँ क्या?" यह कथन किसका है?

(क) चन्द्रगुप्त ( )

(ख) रामगुप्त ( )

(ग) शिखरस्वामी ( )

(घ) खिंगल ( )

8. 'गेहूँ बनाम गुलाब' के लेखक कौन हैं?

(क) रामवृक्ष बेनीपुरी ( )

(ख) रामचन्द्र शुक्ल ( )

(ग) गुलाब राय ( )

(घ) विवेकी राय ( )

9. 'तौलिए' एकांकी में किस स्थान का वर्णन है?

(क) गुजरात ( )

(ख) राजस्थान ( )

(ग) नई दिल्ली ( )

(घ) इलाहाबाद ( )

10. 'मालती' कौन है?

(क) शकुन्तला की सेविका ( )

(ख) किशोर की छोटी बहन ( )

(ग) एक भिखारी ( )

(घ) एक सम्भ्रांत युवती ( )

SECTION—B

( *Marks* : 15 )

**B.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *50–60* शब्दों में दीजिए : 3×5=15

1. ध्रुवस्वामिनी के चरित्र की तीन विशेषताएँ बताइए।

2. प्रमोद के चरित्र पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

3. महावीर प्रसाद द्विवेदी की निबन्ध-कला की तीन विशेषताएँ बताइए।

4. गेहूँ और गुलाब में लेखक किसे महत्त्वपूर्ण मानता है? इसके दो कारण बताइए।

5. 'चंपक' एकांकी की भाषा-शैली पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

★★★